RAJYA SABHA

Friday, the 13th *February,* 2009/24 *Magha,* 1930 *(Saka)*

The House met at eleven of the clock,
MR. CHAIRMAN in the Chair.

RE. KILLING OF INNOCENT TAMILIANS IN SRI LANKA AND SHRI YASHWANT SINHA, M.P. BEATEN BY POLICE IN JHARKHAND

MR. CHAIRMAN: Q.No.1.

श्रीमती सुषमा स्वराज (मध्य प्रदेश): सभापति महोदय, ...

SHRI SU. THIRUNAVUKKARASAR (Madhya Pradesh): Thousands of innocent Tamilians are killed in Sri Lanka by the Sri Lankan. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI VIPLOVE THAKUR (Himachal Pradesh): This is the time for Question Hour.

MR. CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सभापति महोदय, मैंने आपको प्रश्नकाल स्थगन का नोटिस दिया है और मैं बहुत ही दुख से यह सूचना देना चाहती हूं कि हमारे इसी सदन के साथी, झारखंड के हमारी पार्टी के सांसद, श्री यशवंत सिन्हा को कल झारखंड की पुलिस ने बहुत बेरहमी से पीटा है ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: We will take it up in the Zero Hour. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सर, एक मिनट, मेरी बात सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)... सर, सिर्फ एक मिनट मेरी बात सुन लीजिए। सर, वे हमारे इसी सदन के साथी हैं। ...(**व्यवधान**)... सर, यह इस सदन की गरिमा का सवाल है। उन्हें कहा गया कि उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है, मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि क्या आपके पास उनकी गिरफ्तारी की कोई सूचना भेजी गई है या नहीं? ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Sushmaji, we will take it up at the Zero Hour.

श्री एस.एस. अहलुवालिया (झारखण्ड): सर, यह सदन को बताइए कि आपके पास सूचना भेजी गई या नहीं? ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: क्या आपके पास उनकी रिहाई की सूचना भेजी गई है या नहीं? सर, इस सदन की भी अवमानना हुई है और उनके पैर का ligament टूट गया तथा उनके कंधे पर गहरी चोट आई है और जिस व्यक्ति ने उनको कवर दिया, उसके सिर में सात टांके लगे हैं ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: We will take it up at 12 O' clock.

श्रीमती सुषमा स्वराज: अगर वह कवर नहीं देता तो ये सातों टोंके श्री यशवंत सिन्हा के सिर में लगते। सर, मैं यह कहना चाहती हूं कि ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: It had been decided that this subject would be taken up later. Please allow the Question Hour to proceed. ...*(Interruptions)*...

SHRI S. S. AHLUWALIA: Please inform the House whether you have got any communication from Jharkhand Government. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: When we take it up we will let you know.

SHRI S. S. AHLUWALIA: It is our right. If they have not communicated to the Secretariat. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Please...

श्रीमती सुषमा स्वराज: सर, मैं सिर्फ इसलिए कह रही हूं कि यह राज्य की कानून और व्यवस्था का मामला नहीं है, क्योंकि झारखंड प्रेजिडेंट रूल में है ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Sushmaji, allow the Question Hour to proceed. We will take this up after the Question Hour.

श्रीमती सुषमा स्वराज: इसलिए हम गृह मंत्री से चाहते हैं कि वे बताएं, क्योंकि हमारे सदन के एक साथी को मारा गया है, बेरहमी से पीटा गया है, लाठीचार्ज किया गया है ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया: सर, आपका जवाब आ जाए ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: We will take this up later in the day. Please allow ...*(Interruptions)*... Question No. 1. पाणि जी, बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया: सर, आपका जवाब आ जाए कि क्या सरकार ने आपको सूचित किया है, गिरफ्तारी के लिए सूचित किया है? अगर नहीं किया है तो यह सदन की अवमानना का भी सवाल है। ...(**व्यवधान**)...

श्री रुद्रनारायण पाणि (उड़ीसा): यह पुलिस का डंडा ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Please allow the Question Hour to proceed. I request the hon. Members to allow the Question Hour to proceed. Sushmaji, please...

SHRI S. S. AHLUWALIA: At 12 O' clock if you are allowing, then, please tell the House whether any communication was received from ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Please allow the Question Hour to proceed.

SHRI S. S. AHLUWALIA: If not, we will take action against the Jharkhand Government. ... (interruptions)...

MR. CHAIRMAN: Agreed. We will take it up at 12 O' clock.

SHRI SU. THIRUNAVUKKARASAR: Thousands of Tamilians are killed in Sri Lanka. This is a very serious matter. ...*(Interruptions)*... Everyday hundreds and thousands of Tamilians are killed in Sri Lanka.

MR. CHAIRMAN: Please allow the Question Hour to proceed. We have discussed it. We will take it up at 12 O' clock.

SHRI SU. THIRUNAVUKKARASAR: Sir, Tamilians in Sri Lanka are without food and water. The Central Government is not doing anything at all. This is a very important matter.

MR. CHAIRMAN: Look, you are taking up your precious time from the Question Hour. We will take it up later.

SHRI SU. THIRUNAVUKKARASAR: Sir, it is a very urgent matter.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING (SHRI V. NARAYANASAMY): You can raise this matter in the Zero Hour.

MR. CHAIRMAN: Resume your places.

SHRI V. NARAYANASAMY : Chairman has told you to raise this issue at 12 O' clock.

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

रूग्ण, लघु और मध्यम उद्यम

*1. **श्री राम जेठमलानी**:
श्री शिवानंद तिवारी: ††

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्तमान में देश में लगभग 1.3 करोड़ औद्योगिक इकाइयां हैं, जो कि लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में आती हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इस उद्यम क्षेत्र से देश का लगभग 40 प्रतिशत निर्यात होता है; और

(ग) यदि नहीं, तो इस क्षेत्र में वास्तविक आंकलन सहित ऐसी इकाइयों की संख्या कितनी है जो अब तक अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक मंदी के कारण रूग्ण हो चुकी है तथा इस रूग्णता से निपटने के लिए इस क्षेत्र को बैंकों व अन्य संस्थाओं द्वारा कितनी धनराशि दिए जाने का प्रस्ताव है?

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) से (ग) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

विवरण

(क) जी हां।

(ख) उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2006-07 के दौरान देश के निर्यात में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों का हिस्सा 33 प्रतिशत था। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास (एम एस एम ई डी) अधिनियम, 2006 को अधिनियमित करने के बाद क्षेत्र में मध्यम उद्यमों को शामिल करने तथा उद्यमों की संख्या में परिणामत: वृद्धि से देश के निर्यात में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के हिस्से का 40 प्रतिशत होने का अनुमान है।

(ग) जबकि अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंदी के कारण जो इकाइयां रुग्ण हो गई हैं, उनकी सही संख्या उपलब्ध नहीं है, एमएसएमई पर अंतर्राष्ट्रीय मंदी के प्रभाव को देखते हुए, सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने एमएसएमई को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए कई उपाय किए हैं, जिनमें अन्य चीजों के साथ-साथ, निम्नलिखित शामिल है :

(1) 7 **दिसंबर** 2008 **और** 2 **जनवरी** 2009 **को घोषित प्रोत्साहन पैकेज**

- 31 मार्च 2009 तक लघु एवं मध्यम उद्यम (एसएमई) क्षेत्र के लिए प्री-शिपमेंट तथा पोस्ट-शिपमेंट निर्यात क्रेडिट में 2 प्रतिशत की ब्याज दर संबंधी कटौती।

†† सभा में यह प्रश्न श्री शिवानंद तिवारी द्वारा पूछा गया।